खाजूवाला के पास भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर 8.50 करोड़ की ड्रग्स मिली

ये ड्रग्स का पैकेट बंदरी पोस्ट के पास फेंका गया है, यहां से पाक बॉर्डर 130 किमी की दूरी पर है

बीकानेर, (निसं)। पाकिस्तानी तस्करों की ओर से लगातार इंटरनेशनल बॉर्डर पर ड्रग्स भेजी जा रही है। बीती रात को भी बीकानेर के खाजूवाला से सटे भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर 8.50 करोड़ की ड्रग्स भेजी गई है। ये ड्रग्स का पैकेट बंदरी पोस्ट के पास फेंका गया है। यहां से पाकिस्तान बॉर्डर महज 130 किलोमीटर की दूरी पर है। बताया जा रहा है कि दो साल पहले इसी पोस्ट पर 300 करोड़ की ड्रग पकड़ी गई थी। वहीं इसी पोस्ट पर 14 अगस्त को सीएम भजनलाल शर्मा भी पहुंचने वाले हैं। इधर, मंगलवार सुबह

- **बताया जा रहा है कि दो साल पहले इसी पोस्ट पर 300 करोड़ की ड्रग पकड़ी गई थी, इसी पोस्ट पर 14 अगस्त को सीएम भजनलाल शर्मा भी पहुंचने वाले हैं**

खाजूवाला पुलिस

बीएसएफ के डिप्टी कमांडेंट महेश कुमार जाट ने बताया कि बीएसएफ इंटेलिजेंस को सूचना मिली थी कि भारतीय सीमा में पाकिस्तान की ओर से ड्रग की बड़ी खेप भेजी जा रही है। ऐसे में पूरे एरिया का सर्वे किया। इस सर्वे में बीएसएफ के 96वीं बटालियन और जी ब्रांच के अधिकारी शामिल थे। सर्च के दौरान बंदरी पोस्ट पर कीचड़ में पीले रंग का पैकेट मिला। इसे जब खोला गया तो इसमें 1.655 किलो ड्रग मिली। इस पैकेट को 6 अलग-अलग लेयर में पैक किया हुआ था। इसी पोस्ट पर दो साल पहले तत्कालीन डीआईजी पुष्पेंद्र सिंह के नेतृत्व में बीएसएफ ने तीन सौ करोड़ रुपए की हेरोइन बरामद की थी, जो अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई थी।

बीएसएफ ने इसके बाद ही इस क्षेत्र में सख्ती बढ़ा दी थी। इधर, जिस पोस्ट पर ये हेरोइन बरामद हुई है, इसी के आगे आगे कोड़ेवाला पोस्ट पर 14 अगस्त को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आ रहे हैं। वे यहां बीएसएफ जवानों से संवाद करेंगे। मुख्यमंत्री की यात्रा के कारण भी क्षेत्र में सर्च अभियान तेजी से चल रहा था। बीएसएफ की इस कार्रवाई के बाद अब खाजूवाला पुलिस भी सर्च अभियान चला रही है। मुख्यमंत्री के दौरे के कारण पुलिस यहां दो दिन से सक्रिय है। इस कार्रवाई के बाद बीएसएफ डीआईजी अजय लूथरा ने आईजी हेमंत शर्मा और एसपी कावेंद्र सिंह सागर को सूचना दी थी। इसके बाद खाजूवाला पुलिस मौके पर पहुंच गई है। जब्ती की कार्रवाई पुलिस के माध्यम से की जा रही है। वहीं पाकिस्तान की ओर से आ रही ड्रग के बाद बीएसएफ ने पिछले कुछ सालों में सीमावर्ती गांवों में रहने वाले युवाओं को भी जागरूक किया है। उन्हें बताया जा रहा है कि किस तरह से पाकिस्तान हमारे यहां नशीली सामग्री भेज रहा है। संदिग्ध लोगों पर किस तरह से नजर रखनी चाहिए। इसी का नतीजा है कि बीएसएफ की इंटेलीजेंस को मजबूती मिली है।

कुएं में गिरा बच्चा, मौत

उदयपुर, (का.सं.)। उदयपुर के सायरा थाना क्षेत्र में सीताफल तोड़ने पेड़ पर चढ़े चार साल के बच्चे की मौत हो गई। पेड़ की टहनी टूटने पर बच्चा कुएं में गिर गया था। काफी देर तक घर नहीं पहुंचने पर परिजन पहुंचे। तब हादसे का पता चला।

पुलिस के अनुसार बच्चा भील बस्ती में रहने वाला दिनेश (4) पुत्र सुरेश निवासी सायरा था। परिजन और आस.पास के लोग तलाशते हुए कुएं तक पहुंचे थे। परिजनों ने उसे निकालने की काफी मशक्कत की लेकिन सफलता नहीं मिली। ऐसे में रात करीब 10:30 बजे नागरिक सुरक्षा विभाग की टीम को मौके पर बुलाया गया। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद बच्चे का शव बाहर निकाला गया और सायरा थाना पुलिस को सुपुर्द किया। बच्चे के पिता मजदूरी करते हैं। रेस्क्यू टीम में गोताखोर मनोज, विजय नकवाल, दिनेश गमेती बचाव कर्मी प्रकाश राठौड़, भवानी शंकर और वाहन चालक कैलाश मेनारिया शामिल थे।

कार्यालय नगर पालिका, इन्द्रगढ़ जिला बून्दी (राज.)

क्रमांक : न.पा.ई./2025-26/1935 दिनांक : 11.08.2025

NOTICE INVITING BIDS

Bid for Nagar Palika Indragarh of Procurement are Invited from Interested Bidders Up to 11.00 AM , 11.08.2025 To 26.08.2025. Other particulars of the Bid Any be Visited on the Procurement Portal (http://sppp.raj.nic.in) or (www.gem.gov.in) of the State, and local self Departmental Website.

NIB Code :- DLB2526A4603

UBN :- 1. DLB2526SLRC14292

2. DLB2526SLRC14293

अध्यक्ष नगर पालिका इन्द्रगढ़ — अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका इन्द्रगढ़

राज.संवाद/सी/25/8049

कार्यालय नगर परिषद बारां (राज.)

E-Mail : nagarpalikabaran@gmail.com स्टेशन रोड, बारां Phone : 07453-230106

क्रमांक : नपबा/निर्माण/2025/3705-07 दिनांक : 08.08.2025

ई-टेण्डर सूचना संख्या : निर्माण 39/2025-26

नगर परिषद बारां द्वारा राजस्थान सरकार के अभियांत्रिकी विभागो में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत इलैक्ट्रीकल संवेदको अथवा पीडब्ल्यूएफआर रूल्स के अन्तर्गत पात्र संवेदको से एलईडी स्ट्रीट लाईट सप्लाई कार्य के लिये निर्धारित प्रपत्र में ऑनलाईन निविदा आमन्त्रित की जाती है। संवेदक निविदा प्रपत्र व विवरण पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखें। कार्य की लागत 24.04 लाख रूपये है तथा UBN No. DLB2526WSOB14101 है।

आयुक्त नगर परिषद बारां

राज.संवाद/सी/25/7971

pwd_bundi@rediffmail.com Ambedkart Cacle, Lanka Gate, Bundi

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सा0नि0वि0, खण्ड-बून्दी

क्रमांक :-962 **निविदा सूचना संख्या 11/2025-26** दिनांक :-1-8-2025

NIB Code:- PWD2526A2387

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से आवासीय सी0जे0 एवं जे0एम0 कोर्ट मे आवश्यक कार्य, आईटीआई बून्दी मे निर्माण कार्य व नरेगा योजनान्तर्गत किए जाने वाले सीसी / इन्टरलोकिंग कार्यों के लिये उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवम् दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के एए, ए बी, सी, डी श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेंगी। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट www.dipronline.org व http://www.pwd.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा अपलोड करने की तारीख 15.08.2025 से 30.08.2025 को सायं 6:00 बजे तक।

Sr.No.	UBN No.	Sr.No.	UBN No.
1	(PWD 2526WSOBO8788)	6	(PWD 2526WSOBO8796)
2	(PWD 2526WSOBO8790)	7	(PWD 2526WSOBO8797)
3	(PWD 2526WSOBO8793)	8	(PWD 2526WSOBO8798)
4	(PWD 2526WSOBO8794)	9	(PWD 2526WSOBO8799)
5	(PWD 2526WSOBO8795)		

(शेखर चन्द मीना) अधिशाषी अभियन्ता सा0नि0वि0, खण्ड बून्दी

DIPR/C/11253/2025

हजारों बोरी नकली उर्वरक बरामद

बीकानेर, (निसं)। कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा के निर्देश पर बीकानेर में नकली उर्वरक निर्माण के खिलाफ सघन कार्रवाई की गई। शोभासर रोड स्थित एक जिप्सम इकाई परिसर में छापेमारी कर कृषि विभाग और पुलिस ने संयुक्त रूप से हजारों बोरी नकली खाद बनाने का सामान, 11 हजार से ज्यादा खाली पैकिंग कट्टे, उर्वरक के कच्चे माल व तैयार माल जब्त कर फैक्ट्री सील कर दी।

कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक कैलाश चौधरी ने बताया कि देर रात शोभासर रोड पर स्थित एक जिप्सम इकाई परिसर पर दबिश दी। प्रारंभिक जांच में पता चला कि यहां बड़े पैमाने पर नकली उर्वरक तैयार कर पैकिंग की जा रही थी, जिसे बाजार में असली उर्वरक के नाम पर बेचा जाना था। परिसर से विभिन्न कंपनियों नर्मदा बॉयोकेम, सिमग्रो जीएमबीएच, भारत एमओपी, नीलकंठ रॉक मिनरल इंडस्ट्रीज, सोलिटेयर पेस्टिसाइड, अमरावती एग्रो कॉर्पोरेशन आदि के नाम और लोगो वाले 11 हजार से ज्यादा खाली कट्टे भी मिले, जो नकली उर्वरक पैक करने के लिए तैयार रखे गए थे। इसके अलावा, गोबर की खाद, जिप्सम, मुल्तानी मिट्टी, पैकिंग मशीनें और अमेजन के खाली कार्टून भी मिले। उर्वरकों के तीन नमूने लेकर प्रयोगशाला भेजे गए हैं।

कार की टक्कर से पुलिस की वैन पलटी, सात पुलिसकर्मियों समेत 11 जने घायल

टक्कर के बाद कार में आग लगी, तीन लाख कैश और गोल्ड भी आग में जल गया

अलवर, (निसं)। दिल्ली-मुंबई सुपर एक्सप्रेस वे पर मंगलवार सुबह करीब सात बजे पीछे से कार ने आगे चल रही

- **दिल्ली-मुंबई सुपर एक्सप्रेस वे पर कार ने आगे चल रही पुलिस वैन को टक्कर मार दी थी**
- **डीग से पुलिस टीम एक मुल्जिम को लेने सेलावास दौसा थाने जा रही थी, रास्ते में हादसा हुआ**

पुलिस वैन को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कार में आग लग गई, जिससे वह जलकर राख हो गई। वहीं वैन में सवार डीग पुलिस के सभी सात जवान गंभीर घायल हो गए। वहीं कार में सवार सात में से चार लोग घायल हुए हैं। हादसे

दिल्ली-मुंबई सुपर एक्सप्रेस वे पर हुये हादसे के बाद कार पूरी तरह जल गई।

में कार में रखे तीन लाख रुपए और सोना भी जलकर राख हो गया। कार में पति-पत्नी व साली सहित एक ही परिवार के 7 लोग थे, जिनमें से तीन को ज्यादा चोटें लगी हैं, वहीं 3 बच्चों को चोट नहीं आई है। घायलों का जिला अस्पताल में इलाज जारी है। वहीं पुलिस जवान विकास को अलवर से जयपुर रेफर कर दिया। डीग से पुलिस टीम एक मुल्जिम को लेने सेलावास दौसा थाने जा रही थी।

जानकारी के अनुसार वैन में पुलिसकर्मी लक्ष्मण सिंह (40), विकास जाट, दुलीचंद (35), लोकेश यादव (30), सरदार सिंह (50) थे। इनकी वैन को पीछे से तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी, जिसके कारण वैन पलट गई और कार में आग लग गई। कार पूरी तरह से जल गई, लेकिन कार में सवार लोगों को बाहर निकाल लिया गया। वहीं कार में गुलफाम (30), पत्नी हीना (28) के अलावा इनके चार बच्चे सवार थे। अखलद (10), आहिल (8), विदुदू (6), अब्दुल्ला (4)। गुलफाम की साली साहिल मौजूद थी। ये मुरादाबाद में रहते हैं और जयपुर में रह रहे माता-पति के पास जा रहे थे। अब इनका जिला अस्पताल में इलाज जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार तेज रफ्तार में थी, जिसने वैन को पीछे से टक्कर दी है, जिससे चार पुलिसकर्मी सहित आठ लोग हुए घायल हो गए। पहले घायलों को पिनान अस्पताल लेकर जाया गया। वहां से अलवर रेफर कर दिया। दिल्ली से जयपुर जाते समय दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस वे के चैनल नम्बर 120-500 पर हादसा हुआ है।

उदयपुर विकास प्राधिकरण, राजस्थान

No. :- F-2(01)Acct/Contract/2025-26/114 - 116 Date : 31/07/2025

ई-निविदा सूचना संख्या : 30/2025-26

उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यो मय डिफेक्ट लाईबिलिटी अवधि के लिये जो कि निविदा प्रपत्र में अंकित है के लिये उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

निविदा कार्यो की कुल लागत	रूपये 266.55 लाख (07 कार्य)
ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड/ अपलोड करने की अवधि	02.08.2025 को प्रातः 10.00 बजे से 18.08.2025 को सांयः 6.00 बजे तक
Online EMD, Tender Fee & Processing Fee जमा कराने की तिथी	02.08.2025 को प्रातः 10.00 बजे से 18.08.2025 को सांयः 6.00 बजे तक
ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथी	19.08.2025 को प्रातः 11:00 बजे

विस्तृत विवरण वेबसाईट urban.rajasthan.gov.in/uitudaipur, www.eproc.rajasthan.gov.in व www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

UBN No. : ITU2526WSOB00198 To ITU2526WSOB00204

अधिशाषी अभियन्ता - प्रथम उदयपुर विकास प्राधिकरण

राज.संवाद/सी/25/8014

जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड

प्रभास्मि शक्ति सूर्यवः

रजि. ऑफिस.- विद्युत भवन, ज्योति नगर, जयपुर-302005

Website : http://energy.rajasthan.gov.org/jvvnl, कार्यालय मुख्य अभियन्ता (कोटा संभाग)

नयापुरा पॉवर हाऊस, खाई रोड़, कोटा- 324001, दूरभाष नं. 0744- 2320881, 2450066, ईमेल :- zcekz@jvvnl.org

ई - निविदा सूचना

जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड में निम्न कार्य हेतु दो भागों में ई-निविदा (तकनीकी-वाणिज्यिक) एआरसी 2023 पर योग्य निविदादाताओं से श्रम दर पर आमंत्रित किये जाते है। बूंदी वृत में उपखण्ड सहायक अभियन्ता (अ-द्वितीय), बून्दी के अन्तर्गत 33/11 केवी किशनपुरा सब स्टेशन के निर्माण कार्य व संबंधित 33 केवी लाईन व 11 केवी इंटरकनेक्शन के कार्य करने हेतु (टीएन-24/2025-26) (UBN:VN2526WSOB00318), सहायक अभियन्ता (अ-द्वितीय), बून्दी के अन्तर्गत 33/11 केवी रिहाना सब स्टेशन के निर्माण कार्य व संबंधित 33 केवी लाईन व 11 केवी इंटरकनेक्शन के कार्य करने हेतु (टीएन-25/2025-26) (UBN:VVN2526WSOB00319), बारां वृत में सहायक अभियन्ता (पवस) किशनगंज के अन्तर्गत 33/11 केवी बंसथूनी सब स्टेशन व इसके अंतर्गत 33 केवी लाईन व 11 केवी इंटरकनेक्शन के निर्माण कार्य करने हेतु (टीएन-26/2025-26) (UBN:VVN2526WSOB00320), सहायक अभियन्ता (पवस-।।), अटरू के अन्तर्गत 33/11 केवी बानपुर (नानावतां) सब स्टेशन व इसके अंतर्गत 33 केवी लाईन व 11 केवी इंटरकनेक्शन के निर्माण कार्य करने हेतु (टीएन-27/2025-26) (UBNVN2526WSOB00321), सहायक अभियन्ता (पवस), छबड़ा के अन्तर्गत 33/11 केवी कटिखंडि सब स्टेशन व इसके अंतर्गत 33 केवी लाईन व 11 केवी इंटरकनेक्शन के निर्माण कार्य करने हेतु (टीएन-28/2025-26) (UBN : VVN2526WSOB00322), सहायक अभियन्ता (पवस-।), बारां के अन्तर्गत 33/11 केवी बरड़िया बालाजी सब स्टेशन व इसके अंतर्गत 33 केवी लाईन व 11 केवी इंटरकनेक्शन के निर्माण कार्य करने हेतु (टीएन-29/2025-26) (UBN:VVN2526WSOB00323), सहायक अभियन्ता (पवस), छबड़ा के अन्तर्गत 33/11 केवी बिलखेड़ा सब स्टेशन व इसके अंतर्गत 33 केवी व 11 केवी लाईन के निर्माण कार्य करने हेतु (टीएन-30/2025-26) (UBN:VVN2526WSOB00324), कोटा वृत में सहायक अभियन्ता (पवस), सांगोद के अन्तर्गत 33/11 केवी अमृतकुवां सब स्टेशन व इसके अंतर्गत 33 केवी व 11 केवी लाईन के निर्माण कार्य करने हेतु (टीएन-31/2025-26) (UBN:VN2526WSOB00325) सहायक अभियन्ता (एचटीएम-डीडी), कोटा के अन्तर्गत 33/11 केवी पाचड़ा सब स्टेशन व इसके अंतर्गत 33 केवी व 11 केवी लाईन के निर्माण कार्य करने हेतु (टीएन-32/2025-26) (UBN:VVN2526WSOB00326) योग्य निविदादाता सम्पूर्ण निविदा सम्बन्धित दस्तावेज ई-प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर दिनांक 13.08.2025 से डाउनलोड कर सकते है। निविदाऐं ऑनलाईन ई-पोर्टल पर दिनांक 25.08.2025 को सांय 05:00 बजे तक ही स्वीकार की जावेगी। निविदा सम्बन्धी जानकारी, कार्य का विवरण इत्यादि जयपुर विद्युत वितरण निगम की वेबसाईट http://energy.rajasthan.gov.in/jvvnl, http://www.sppp.rajasthan.gov.in & http://www.eproc.rajasthan.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

राज.संवाद/सी/25/8003 जेपीआर - 3045 (2025) संभागीय मुख्य अभियंता (कोटा संभाग)

बिजली शिकायतों के लिए टोल फ्री नम्बर 1800 180 6507

फायरिंग कर हमला करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। इटावा पुलिस टीम ने देशी कट्टे से फायरिंग कर जानलेवा हमले के दर्ज मामले में कार्यवाही करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कोटा ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर रामावतार उर्फ गोलू मीणा ने अपने साथी अजय मीणा के साथ मिलकर 8 जुलाई को फरियादी लवकुमार मीणा व उसके साथियों पर देशी कट्टे से जानलेवा हमला कर मौके से फरार हो गये थे। ग्रामीण एसपी ने बताया कि फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया, हमलावरों की तलाश के लिये ग्रामीण अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकल्याण मीणा के निर्देशन में पुलिस उप अधीक्षक इटावा शिवम जोशी के सुपरविजन में इटावा थानाधिकारी संदीप विश्नोई के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। ग्रामीण एसपी ने बताया कि गठित टीम ने मुखबीर की सूचना पर फायरिंग कर जानलेवा हमला करने के आरोपी रामपुरा भगतान निवासी रामावतार उर्फ गोलू (20) एवं अजय (19) को गिरफ्तार कर लिया। ग्रामीण एसपी ने बताया कि फायरिंग के पीछे मामले में सामने आया कि फरियादी लवकुमार मीणा व आरोपी रामावतार उर्फ गोलू मीणा के बीच जनवरी महीने में फुसोद माताजी भण्डारे के दिन ग्राम रोहिली में हुए झगड़े को लेकर रंजिश चल रही थी, जिसको लेकर फरियादी व आरोपी के बीच फोन पर भी कहासुनी हुई। इसी रंजिश को लेकर आरोपियों ने फरियादी पर देशी कट्टे से जानलेवा हमला किया था। पकड़े गये आरोपियों से अनुसंधान जारी है।

बिजली विभाग के कर्मचारी की करंट लगने से मौत

भीलवाड़ा, (निसं)। जिले के करेडा उपखंड क्षेत्र की बेमाली ग्राम पंचायत के धनकपुरा गांव में बिजली विभाग के एक कर्मचारी की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक की पहचान राजमल गाडरी के रूप में हुई है जो एक बिजली के खंभे पर फाल्ट

- **बताया गया है कि उसने काम शुरू करने से पहले शटडाउन लिया था, लेकिन अचानक किसी कारण से बिजली की सप्लाई फिर से चालू हो गई**

ठीक कर रहा था। बताया गया है कि उसने काम शुरू करने से पहले शटडाउन लिया था, लेकिन अचानक किसी कारण से बिजली की सप्लाई फिर से चालू हो गई, जिससे उसे करंट लग गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इस घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण और परिजन आक्रोशित हो गए। उन्होंने मृतक के शव को लेने से इनकार कर दिया और मुआवजे की मांग को लेकर विरोध-प्रदर्शन शुरू कर दिया। लगभग पांच घंटे तक चले इस

आक्रोशित ग्रामीण और परिजनों ने मांगों को लेकर प्रदर्शन किया।

विरोध प्रदर्शन के बाद, प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस की समझाइश से मामला शांत हुआ।

प्रशासन और परिजनों के बीच लंबी बातचीत के बाद कई मांगों पर सहमति बनी। मृतक के परिवार को 20 लाख रुपए का मुआवजा दिया जाएगा और परिवार के एक सदस्य को संविदा पर नौकरी मिलेगी। इसके अलावा, मृतक की पत्नी को हर महीने 6000 रुपए की पेंशन और बच्चों को 18 वर्ष की आयु तक हर महीने 5000 रुपए की पेंशन दी जाएगी। परिवार को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत एक मकान भी मिलेगा। अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि इस घटना में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारी को निलंबित किया जाएगा। मौके पर उपखंड अधिकारी जोगेंद्र सिंह, पुलिस उपाधीक्षक ओमप्रकाश सोलंकी, बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता आरपी मीणा और अन्य प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस बल मौजूद था। दुखद घटना के बाद, कई भामाशाहों ने मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की है। पंचायत समिति सदस्य प्रकाश कुमार ने मृतक के बच्चों की कक्षा 12वीं तक की पढ़ाई का खर्च उठाने की जिम्मेदारी ली है। प्रशासन की समझाइश और इन आश्वासनों के बाद ही परिजनों ने मृतक के शव को स्वीकार किया।

कार्यालय अति. जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा, जैसलमेर

पता - एसबीआईबैंक, शिवरोड़ के पीछे, महात्मा गाँधी राजकीय विद्यालय वार्डनं. 16, ढिब्बा पाड़ा, जैसलमेर

Phone no. 02992-255287, E-Mail - adpcrmsajaisalmer@gmail.com

क्रमांक :- अजिपस/सशि/जैसल/निविदा/2025-26/RAJKAJ Ref. 17097493 दिनांक :- 10/08/2025

कार्यालय आदेश

इस कार्यालय के आदेश क्रमांक 396 दिनांक 01.08.2025 निविदा 03/25-26 UBN No. RSE2526SLOB00478 द्वारा पीएमश्री राजकीय विद्यालयों की बाल वाटिकाओं की बाल वाटिकाओं में मैन पावर लगाए जाने हेतु पंजीकृत निविदादाताओं / फर्मों से मोहरबंद लिफाफे में दिनांक 11.08.2025 तक निविदाएं आमंत्रित की गई थी है।

अपरिहार्य कारणों से निविदा की तिथि में वृद्धिकर अंतिम तिथि 18.08.2025 दोपहर 12:00 बजे तक की जाती है। बिड डाक्यूमेंन्ट व डी.डी. दिनांक 18.08.2025 दोपहर 02:00 बजे तक कार्यालय में जमा की जाएगी।

निविदा संख्या - 03/25-26

अति. जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा, जैसलमेर

राज.संवाद/सी/25/8024

जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड

बाड़मेर -344001, दूरभाष :- 02982-220674

अल्कालिक ई-निविदा सूचना

अन्य विवरण जैसे निविदा मुलय, धरोहर राशि, निविदा प्रस्तुत करने/खुलने की तिथि का विवरण इत्यादि वेबसाईट www.energy.rajasthan.gov.in/jdvvnl एवं www.eproc.rajasthan.gov.in द्वारा जानी जा सकती है। निविदाकर्ताओं को उनके स्वयं के हित में सलाह दी जाती है की ऑन लाईन पर निविदा डालने से पहले निविदा दस्तावेजों का सावधानी पूर्वक अध्ययन कर ले।

सुचारू भविष्य में इन निविदाओं से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन तिथि बढने की जानकारी आदि केवल वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in, sppp.rajasthan.gov.in, energy.rajasthan.gov.in/jdvvnl पर उपलब्ध करायी जायेगी।

TN	Works	UBN No.
TN-20	('ए) सनावड़ा के लिए 33/11 केवी सब स्टेशन का निर्माण, (बी) नवनिर्मित 33/11 केवी जीएसएस सनावड़ा के लिए 10 किमी सिंगल सर्किट 33 केवी लाइन का निर्माण (सी) जैसलमेर वृत्त के अंतर्गत सब डिवीजन पोकरण में सनावड़ा जीएसएस के लिए इंटरकनेक्शन के लिए 4.4 किमी 11 केवी लाइन का निर्माण श्रम दर के आधार पर -2025	JVV2526 WSOE00375
TN-21	('ए) कंवला के लिए 33/11 केवी सब स्टेशन का निर्माण, (बी) नवनिर्मित 33/11 केवी जीएसएस कंवला के लिए 9.0 किमी सिंगल सर्किट 33 केवी लाइन का निर्माण (सी) जालोर वृत्त के अंतर्गत सब डिवीजन उम्मेदपुर में कंवला जीएसएस के लिए इंटरकनेक्शन के लिए 10.5 किमी 11 केवी लाइन का निर्माण श्रम दर के आधार पर -2025	JVV2526 WSOE00376

राज.संवाद/सी/25/8011 संभागीय मुख्य अभियन्ता (बाड़मेर-संभाग)

बिजली संबंधी शिकायतों के लिए टोल फ्री नम्बर 1800 180 6045

अस्पताल में मरीज की मौत के बाद परिजनों का हंगामा

कोटा, (निसं)। न्यू मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती एक मरीज की उपचार के दौरान मौत हो गई, जिसके बाद मरीज के परिजनों ने आईसीयू स्टॉफ पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया। अस्पताल में हंगामे की सूचना पर अस्पताल अधीक्षक व पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों से समझाइश की। मृतक के परिजन आईसीयू स्टॉफ के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग को लेकर हंगाम करते रहे।

- **मरीज के परिजनों ने आईसीयू स्टॉफ पर लापरवाही का आरोप लगाया**

जानकारी के अनुसार डीसीएम के सूरसागर निवासी करन बघेल (22) को सांस में तकलीफ होने की शिकायत पर परिजनों ने उपचार के लिये न्यू मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया था,। जहां उसकी हालत ओर बिगड़ती देख मरीज को अस्पताल के आईसीयू वार्ड में शिफ्ट किया। अस्पताल में उपचार के दौरान मंगलवार सुबह मरीज की मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने आईसीयू स्टॉफ पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया।

पुलिस उपअधीक्षक मनीष शर्मा ने बताया कि सूरसागर निवासी करन बघेल को परिजनों ने उपचार के लिये सोमवार को न्यू मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां मरीज की मंगलवार को उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस उपअधीक्षक ने बताया कि मृतक के परिजनों ने अस्पताल के आईसीयू स्टॉफ के खिलाफ लापरवाही की शिकायत दी है। मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। परिजनों की शिकायत पर मामले की जांच की जा रही है।

सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

बाइक और ट्रक की आमने-सामने टक्कर हो गई थी

भीलवाड़ा, (निसं)। जिले के आसींद थाना विधानसभा क्षेत्र के शंभूगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत नेशनल हाइवे-148 डी पर अंटाली के पास मंगलवार को एक भीषण सड़क हादसे में एक बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। यह दुर्घटना तब हुई जब एक बाइक और ट्रक की आमने-सामने की टक्कर हो गई।

शंभूगढ़ थाने के एएसआई राजेंद्र सिंह ने बताया कि सड़क दुर्घटना की सूचना मिली। इसके बाद मौके पर जाकर देखा तो व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई थी। वहीं आसपास पहचान हुई तो प्रेमचंद (46) पिता देवी लाल रेगर निवासी खारी का लांबा के रूप में हुई। मृतक प्रेम चंद को अटाली के पास खेत पर जाते समय ट्रेलर ने चपेट में ले लिया जिससे मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर शव का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सुपुर्द किया। पुलिस ने बताया कि मृतक प्रेम चंद रैगर खारी का लांबा गुलाबपुरा का निवासी है। रोजाना वहीं से अटाली गांव के पास खेत सिजारी पर ले रखा था। रोजाना यहां कृषि कार्य करने आता था। मंगलवार को सुबह लगभग 10 बजे शंभूगढ़ की ओर से आ रहे ट्रेलर ने चपेट में ले लिया, जिससे मौके पर ही मौत हो गई। एंबुलेंस से शव को गुलाबपुरा मोर्चरी में रखवाया एवं परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर शव का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सुपुर्द किया।

राजस्थान सरकार

निदेशालय खान एवं भूविज्ञान विभाग, राजस्थान, उदयपुर

क्रमांक निदे/अ.ख.अ.नीलामी/निलामी (ML 07)/2025/ई - 12181

ई-नीलामी विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियमावली, 2017 के अध्याय-III के तहत निम्नांकित प्लॉटो के आंवटन ई-नीलामी के माध्यम से किये जाने हेतु इलेक्ट्रोनिक प्लेटफार्म पर बोली आमंत्रित की जाती है। संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है:-

जिला	तहसील	राजस्व ग्राम	खनिज का नाम	कुल प्लॉट
अजमेर	किशनगढ	चुरली	मेसेनरी स्टोन	5
	नसीराबाद	मण्डियानी	ग्रेनाइट	3
	पुष्कर	कंचलई	मार्बल, डोलोमाईट	11
	भिनाय	बादनवाड़ा	मेसेनरी स्टोन	7
	रूपनगढ	खाजपुरा	मेसेनरी स्टोन	5
डूंगरपुर	दोवडा	कहारी डोलवर	मेसेनरी स्टोन	2
			मेसेनरी स्टोन (एम-सेण्ड हेतु)	2
चितोडगढ	निम्बाहेडा	गढवाडा	मेसेनरी स्टोन (एम-सेण्ड हेतु)	3
जयपुर	जालसू	दादरबावडी	मेसेनरी स्टोन	1
	मौजमाबाद	पालुकला	मेसेनरी स्टोन (एम-सेण्ड हेतु)	1
	जोबनेर	आसलपुर	मेसेनरी स्टोन	2
जैसलमेर	जैसलमेर	पारेवर	सिलिका सैण्ड	29
नागौर	मूण्डवा	बूनरावता	मेसेनरी स्टोन	1
	मेडता	ताडो की ढाणी	मेसेनरी स्टोन	10
बांसवाड़ा	छोटी सरवन	कटुम्बी	मेसेनरी स्टोन	5
			मेसेनरी स्टोन (एम-सेण्ड हेतु)	1
बाड़मेर	बाड़मेर	उण्डखा	मेसेनरी स्टोन	13
बून्दी	तालेड़ा	लाम्बाखोह	सैण्ड स्टोन	9
ब्यावर	ब्यावर	सारोठ	मार्बल, मेसेनरी स्टोन, फिलाईट-शिष्ट	3
राजसमंद	देवगढ	कोटड़ा	ग्रेनाइट	2
सिरोही	रेवदर	नागणी	ग्रेनाइट	1
	सिरोही	करजाल	एम-सेण्ड के निर्माण हेतु ओवरबर्डन डंप के परमिट	1
		सनपुर	एम-सेण्ड के निर्माण हेतु ओवरबर्डन डंप के परमिट	1
सीकर	खंडेला	कोटड़ी लुहारवास	मेसेनरी स्टोन	5
कुल प्लॉट				123

विशेष नोट:-

1 प्लॉटों का विस्तृत विवरण, अमानत राशि, बोली प्रस्तुत करने की तिथि व समय इत्यादि का विवरण, ई-ऑक्शन की शर्ते विभागीय वेबसाइट www.mines.rajasthan.gov.in एवं इलेक्ट्रोनिक प